समाचार

# 30 मई को वार्ड क्र. 01, 17, 27, 39, 47, 53, 56, 65 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 29 मई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 30 मई रविवार को वार्ड क्र. 01, 17, 27, 39, 47, 53, 56, 65 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 1052 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 49916 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 मई रविवार को वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा दलिया गोदाम के पास, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 27 सार्वजनिक मंच रामनगर, वार्ड क्र. 39 आजाद नगर स्टेज, वार्ड क्र. 47 कुमगरी सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 53 प्राथमिक शाला गेरवाघाट के सामने, वार्ड क्र. 56 चन्द्रनगर स्कूल, वार्ड क्र. 65 सामुदायिक भवन कुदरीपारा के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)